पंजाब केसरी 01/02/2024

जी.एम.एन. कालेज में सूचना का अधिकार विषय पर हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता

12 टीमों के प्रतियोगियों ने हिस्सा लिया, गौरव भारद्वाज व बेबी ने हासिल किया प्रथम स्थान

अम्बाला, 31 जनवरी (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज, अम्बाला छावनी द्वारा प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में कालेज के लीगल साक्षरता सैल द्वारा सूचना के अधिकार विषय पर डिबेट प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कालेज की कुल 12 टीमों के प्रतियोगियों ने हिस्सा लिया।

प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए विभाग के सभी प्राध्यापकों को बधाई दी। डा. दत्त ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सूचना का अधिकार और न्यायिक साक्षरता के मुद्दे पर जागरूक करना है।

कार्यक्रम के संयोजक डा. सुरेंद्र कुमार ने कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को सूचना के अधिकार के महत्व को समझने, उसकी आवश्यकताओं पर विचार प्रस्तुत करने और इसके बढ़ते प्रयोग को सांझा करने का एक मंच प्रदान किया गया है, ताकि विद्यार्थियों को अपने कानूनी अधिकारों की जानकारी मिल सके।

प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के रूप में राजनीतिक विज्ञान विभाग की प्राध्यापिका डा. सरोज बाला एवं हिंदी विभागाध्यक्ष डा. रितु गुप्ता मौजूद रहे। मंच संचालन मिस जस्मिता द्वारा किया गया। इस अवसर पर कॉमर्स विभाग की प्राध्यापिका उदिता एवं गुरप्रीत, पिंकी एवं लीगल लिटरेसी सैल के सभी प्राध्यापक मौजूद रहे।

प्रतियोगिता में यह रहे विजेता

प्रथम स्थान गौरव भारद्वाज बी.कॉम द्वितीय वर्ष एवं बेबी एम.कॉम द्वितीय वर्ष ने हासिल किया। आक्षी बी.ए द्वितीय वर्ष सिमरनजीत कौर द्वितीय वर्ष ने दूसरा स्थान एवं तीसरा स्थान, पूजा एम.कॉम द्वितीय वर्ष एवं प्रीति कौर एम.कॉम, साक्षी एम.कॉम ने हासिल किया।

वहीं सांत्वना पुरस्कार हर्षिता एम.कॉम द्वितीय वर्ष और महक बी.कॉम थर्ड ईयर ने प्राप्त किया।

विजेताओं को पुरस्कृत करते कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त। (चंद्रमोहन)